Raj Express, December 03, 2018, Page - 02

# वर्ल्ड रैंकिंग में संस्थानों की संख्या में हुई बढ़ोत्तरी

इंदौर (आरएनएन)। टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारतीय संस्थानों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। पिछले साल के 42 शैक्षणिक संस्थानों के मुकाबले इस साल 49 संस्थानों ने जगह बनाई थी। हालांकि शीर्ष 250 संस्थानों में एक भी भारतीय संस्थान मौजूद नहीं रहा था। लेकिन इस बार जारी की गई रैंकिंग में आईआईटी इंदौर ने इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी कैटेगरी में भी बेहतर पोजीशन हासिल की है। संस्थान ने 301 से 400 के ब्रेकेट में जगह बनाई है। इस रैंक के आधार पर आईआईटी इंदौर देश के टॉप 10 इंस्टिट्यूट्स में शामिल हो गया है। इससे पहले आईआईटी इंदौर ने पहली बार वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में अपना नाम दर्ज करवा चुकी है उक्त सूची 351 से 400 रैंकिंग की श्रेणी में जगह बनाई थी।

**संस्थान ने हासिल किया 82.7 फीसदी अंक :** इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल एंड एयरोस्पेस, सिविल, केमिकल और जनरल इंजीनियरिंग सब्जेक्ट्स को शामिल कर दी गई इस रैंकिंग में आईआईटी ने 82.7 अंक हासिल किए। संस्थान को टीचिंग और रिसर्च में 30 फीसदी, साइटेशन में 27.5, इंटरनेशनल कोलेबरेशन में 7.5 और इंडस्ट्री कनेक्ट में 5 फीसदी वेटेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी रैंकिंग के लिए दो मानदंड शामिल किए जाते हैं। पहले पिछले पांच सालों में 500 पेपर्स का प्रकाशन और दूसरा अपने

**आईआईटी इंदौर को टीचिंग और रिसर्च में 30 फीसदी, साइटेशन में 27.5, इंटरनेशनल कोलेबरेशन में 7.5 और इंडस्ट्री कनेक्ट में 5 फीसदी वेटेज , पिछले पांच साल में 500 पेपर्स का किया प्रकाशन**

स्टाफ की कम से कम चार प्रतिशत संख्या इंजीनियरिंग व टेक्नोलॉजी विभाग में पदस्थ रहे।

**शुरुआत से रिसर्च पर दिया अधिक ध्यान, परिणाम आने लगे सामने :** रैंकिंग के बाद संस्थान के डायरेक्टर प्रो. प्रदीप माथुर पे खुशी जाहिर की और कहा शुरुआत से ही रिसर्च पर ज्यादा ध्यान देने के परिणाम अब सामने आने लगे है। हमारे पास रिसर्च के लिए स्टेट ऑफ द आर्ट सुविधाएं हैं। साथ ही दुनियाभर से बेस्ट फैकल्टी की पहचान और भर्ती में आक्रमक नीति अपनाई है। नई रैंकिंग से केंद्र सरकार की इंस्टिट्यूट ऑफ एमिनेंस के लिए हमारे दावे को अधिक बल मिलेगा। आईआईटी इंदौर ने इससे पहले और पहली बार पहली बार इस सूची में शीर्ष 400 संस्थानों में जगह बनाई थी साथ हीआईआईटी मुंबई को भी पछाड़ा था। दिया है।